सुनो सिया मेरी बात राम फुलवरिया आए हैं

सुनो सिया मेरी बात राम फुलवरिया आए हैं
राम फुलवरिया आए हैं जनक की फुलवरिया आए हैं

कौन बरन है कौन भेष है काहे के तिलक लगाए हैं
श्याम वर्ण है कुंवर भेष है केसर के तिलक लगाए हैं

कौन देश से कौन वंश से कौन के राज दुलारे हैं
अवध देश से सूर्यवंश से दशरथ के राज दुलारे हैं

कौन कू मारे कौन उद्धारे कौन को यज्ञ कराए हैं
ताड़का मारे अहिल्या उद्धारे विश्वामित्र के यज्ञ कराए हैं

कौन के प्यारे नयन दुलारे कौन के मन ये भाए है
कौशल्या के प्यारे नयन दुलारे सिया के मन ये भाए है

Create Lyric, Neelam Agrawal

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/18852/title/suno-siya-meri-baat-ram-phulwariya-aaye-hai

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |